
धनबाद, बुधवार
2 फरवरी, 2022
आसनसोल
मूल्य ₹ 5.00
पृष्ठ 16

# दैनिक जागरण

www.jagran.com
प. बंगाल, झारखंड, बिहार, दिल्ली, उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, पंजाब, जम्मू कश्मीर और हिमाचल प्रदेश से प्रकाशित



ममता ने आम बजट को बताया जीरो 1
पीएम मोदी के यूट्यूब चैनल के सब्सक्राइबर्स एक करोड़ के पार 11



## डीपीएस में बच्चों को लगवाई गई वैक्सीन

जागरण संवाददाता, आसनसोल : दिल्ली पब्लिक स्कूल आसनसोल में मंगलवार को 15 से 18 आयु-वर्ग के बच्चों के टीकाकरण के लिए शिविर का आयोजन किया गया। 15 से 18 वर्ष के जो छात्र अभी तक कोरोनारोधी टीका नहीं लगवा पाए थे, उनका रजिस्ट्रेशन व टीकाकरण विद्यालय परिसर में कराया गया। 30 छात्रों ने को-वैक्सीन की पहली खुराक ली। टीके की अगली खुराक 28 दिन बाद दी जाएगी। जिला शिक्षा विभाग के सहयोग से स्कूलों में शिविर लगाकर वहां पढ़ने वाले सभी 15 से 18 साल के किशोरों को टीके लगाए जा रहे हैं। कोरोना संक्रमण और ओमिक्रोन वेरिएंट से बचाव हेतु विद्यालय में इन शिविरों की व्यवस्था की जा रही है ताकि अधिक से अधिक छात्रों का टीकाकरण करके कोरोना महामारी के प्रसार पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके। उन बच्चों की सूची तैयार की गई, जो अब तक टीका नहीं लिया था। इसके बाद उनके रजिस्ट्रेशन व टीकाकरण की व्यवस्था की गई। प्रधानाचार्य आर. डी.शर्मा ने अभिभावकों व छात्रों से टीकाकरण को गंभीरता से लेने की अपील की।